# नेपानगर: नेहरू स

गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह रविवार को नेहरू स्टेडियम पर हुआ। सुबह 9बजें मुख्य अतिथि नेपा लिमिटेड के निदेशक वित्त प्रदीपकुमार नायक ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान हुआ। मुख्य अतिथि ने परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। शहर के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। मुख्य अतिथि द्वारा आमजन को नेपा लिमिटेड की स्थिति से अवगत कराया गया।सांस्कृतिक कार्यक्रम में निजी स्कूल ने पहला स्थान प्राप्त किया। एक निजी स्कूल को द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया। स्कूल के लगभग 500 छात्र-छात्राओं ने 1947 मे हुए भारत-पाकिस्तान बंटवारे की सजीव प्रस्तुति दी। लायनेस क्लब द्वारा 10वीं तथा 12वीं के टॉपर बच्चों को सम्मानित किया गया। उन्हें स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक तथा प्रशस्ति पत्र भेंट किए गए। लायनेस क्लब अध्यक्ष छाया गुडगे, सचिव कल्पना महाजन चेयरपर्सन विमला चौकसे अनु खैरनार, शैला पाटील, नम्रता मालगुजार और नलिनी सोनारे सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। मुख्य अतिथि ने एकता नगर सामाजिक विकास समिति को उत्कृष्ट सामाजिक कार्य के लिए प्रथम पुरस्कार प्रदान किया। संचालन नेपा लिमिटेड के सहायक प्रबंधक रवींद्र शिवहरे ने किया।

स्टेडियम में झंडावंदन के बाद विविध कार्यक्रमों की प्रस्तुति

# स्कूल के विद्यार्थियों ने प्रस्तुति देकर बटोरी दाद

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**नेपानगर.** नगर के नेहरू स्टेडियम पर रविवार को देश का गणतंत्रता दिवस उत्साह से मनाया। सुबह 8 बजे नेपा लिमिटेड के निदेशक वित्त प्रदीप कुमार नायक ने स्टेडियम पहुंचकर ध्वजारोहण किया। इसके पूर्व उन्होंने परेड निरीक्षण किया। अपने उद्बोधन में सभी नगरवासियों को गणतंत्रता दिवस की बधाई दी। राष्ट्रीय गान के बाद नगर की शासकीय एवं निजी स्कूल के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत और नाटकों की प्रस्तुतियां दी। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली स्कूल को कंपनी प्रबंधन द्वारा शील्ड एवं प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया।

अतिथि के संबोधन के बाद नगर की शालाओं ने स्टेडियम पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। करीब दो घंटे तक चली प्रस्तुतियों में निजी स्कूलों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रबंधन द्वारा शालाओं को शील्ड एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इसमें प्रथम सेंट एंथोनी जेनेलियस कॉन्वेंट स्कूल, द्वितीय सिटीजन हायर सैकेंडरी स्कूल को दिया। उपस्थितों में से ज्यादातर ने सिटीजन स्कूल की प्रस्तुति को प्रथम स्थान न दिए जाने पर आश्चर्य व्यक्त किया। स्कूल परिवार ने भी मौखिक विरोध जताया है। स्कूल के 500 छात्र-छात्राओं ने 1947 के भारत पाकिस्तान बंटवारे की सजीव प्रस्तुति देकर रोमांच भरा प्रदर्शन किया। उपस्थित दर्शकों की सराहना बटोरी।

वहीं कॉन्वेंट स्कूल ने देशभक्ति एवं फिल्मी गीत पर प्रस्तुतियां दी। कंपनी द्वारा सामाजिक कार्य करने वाली संस्थान एकता नगर सामाजिक विकास समिति, लायनेस क्लब सहित अन्य समिति सहित वरिष्ठ नागरिकों को भी सम्मानित किया गया। लायनेस क्लब द्वारा 10वीं तथा 12वीं के टॉपर बच्चों को भी सम्मानित किया। उन्हें प्रथम द्वितीय, तृतीय स्वर्ण, रजत, कांस्य पदक और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। लायनेस अध्यक्ष छाया गुडगे, सचिव कल्पना महाजन चेयर पर्सन विमला चौकसे अनु खैरनार, शैला पाटिल, नम्रता मालगुजार, नलिनी सोनारे सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे।



नेपा के स्टेडियम में हुए विविध आयोजन।



विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में रंगारंग प्रस्तुति दी।

## यहा भी हुआ झंडा वंदन

- नगर की नेपा नागरिक सेवा सहकारी साख समिति में अध्यक्ष विलियम बाथवेल शिंदे ने झंडा वंदन किया। सुबह 8 बजे उन्होंने समिति प्रांगण में झंडा वंदन कर उपस्थित सदस्यों को समिति की कार्यप्रणाली बताई। इस दौरान बड़ी संख्या में रहवासी उपस्थित थे।
- नगर के तहसील कार्यालय में एसडीएम विशा माधवानी ने झंडा वंदन किया। उनके साथ तहसील स्टाफ ने भी उपस्थित होकर देश शहीद जवानों का श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान तहसीलदार सुंदरलाल ठाकुर सहित समस्त स्टाफ उपस्थित थे।
- नपा परिषद में अध्यक्ष राजेश चौहान ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने उपस्थित पार्षदों सहित नगरवासियों को मुख्यमंत्री का संदेश पढ़कर सुनाया।
- ग्राम सींधखेड़ा की नवीन माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला में गणतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में झंडा वंदन किया। इसके बाद ग्राम में प्रभातफेरी निकालने के बाद स्कूल परिसर में सरपंच भारत पटेल की मौजूदगी में सास्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान प्रधान पाठक एससी कठोर, अभिषेक पाटील और लता पंवार आदि मौजूद थे।
- ग्राम डाभियाखेड़ा की हाय स्कूल, माध्यमिक एवं प्राथमिक स्कूल में भी झंडावंदन के बाद विविध कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।